# गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद।

विकास पथ, गाजियाबाद।

(I.S.O. 9001:2015 एवं I.S.O. 14001:2015 प्रमाणित संस्था)

पत्रांकः 775 /व्यव0अनु0/2026 दिनांक 24/8/2026

**प्रभारी विज्ञापन**

कृपया नीलामी सूचना का विज्ञापन नियमानुसार समाचार–पत्रों में प्रकाशित कराकर इनकी दो–दो प्रतियाँ व्यवसायिक अनुभाग में प्रेषित करने का कष्ट करें :–

## नीलामी तिथि परिवर्तन सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में अनिस्तारित/रिक्त/नवसृजित विभिन्न श्रेणी के व्यवसायिक/आवासीय भूखण्डों के साथ–साथ कन्वीनियेन्ट शॉपिंग भूखण्ड, दुकान भूखण्ड, ग्रुप हाउसिंग भूखण्ड, ओल्ड एज होम, सामुदायिक केन्द्र भूखण्ड, शिक्षण संस्थान, हॉस्पिटल भूखण्ड इत्यादि एवं ब्रिज विहार स्थित सामुदायिक केन्द्र को संचालन अनुज्ञप्ति (लाईसेंस डीड) के आधार पर विक्रय किये जाने की नीलामी दिनांक 25–08–2026 को लोहियानगर, गाजियाबाद स्थित हिन्दी भवन में आयोजित की जानी थी। नीलामी हेतु आवेदन विवरण पुस्तिका/ब्रोशर का विक्रय एवं जमा किये जाने की पंजीकरण तिथि दिनांक 02–09–2026 तक बढाई गयी है। आवेदक दिनांक 02–09–2026 तक प्राधिकरण की वेबसाईट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है एवं ऑफलाइन आवेदन हेतु विवरण पुस्तिका/ब्रोशर एच0डी0एफ0सी0 बैंक लि0, आर0डी0सी0 राजनगर प्राप्त कर सकते है। इसके उपरान्त दिनांक 25–08–2026 के स्थान पर दिनांक 07–09–2026 को लोहिया नगर, गाजियाबाद स्थित हिन्दी भवन में प्रातः 11:00 बजे से नीलामी आयोजित की जायेगी।

(कनिका कौशिक)
विशेष कार्याधिकारी/
प्रभारी व्यवसायिक

पृष्ठांकनः /व्यव0अनु0/2026 दिनांक

प्रतिलिपिः

1. शाखा प्रबन्धक, एच0डी0एफ0सी0 बैंक लि0, शाखा–आर0डी0सी0 राजनगर, गाजियाबाद को उपरोक्त तिथि तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/ऑफलाइन आवेदन विवरण पुस्तिका (ब्रोशर) विक्रय/जमा कराने के साथ–साथ नीलामी आयोजन हेतु नियत तिथि में समुचित व्यवस्था कराने हेतु।
2. प्रभारी कम्प्यूटर को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त सूचना प्राधिकरण वैबसाईट पर अपलोड करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।

विशेष कार्याधिकारी/
प्रभारी व्यवसायिक